7/1

उत्तर मध्य रेलवे
कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ

# कार्य अध्ययन रिपोर्ट

## प्रयागराज मंडल के इंजीनियरिंग विभाग में वरि.मंडल अभियन्ता/सम./उमरे/प्रयागराज के अधीनस्थ कार्यरत स्टोर इशूअर संवर्ग के कार्य की समीक्षा

कार्य अध्ययन सं.– म.प्र./उ.म.रे./का.अ./1–IV/20–21


मार्गदर्शन एवं निर्देशन

श्री नवीन कुमार सिन्हा
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

व

श्री मन्नू प्रकाश दूबे
उप महाप्रबंधक/सामान्य

एवं

सहयोग

श्री संतोष बाजपेयी
कार्य अध्ययन अधिकारी

सम्पादित

मनोज कुमार श्रीवास्तव
मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक

## अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अधिशासकीय सार | 2 |
| 2. | आभार एवं संस्तुति सारांश | 3 |
| 3. | अध्याय– प्रथम<br>प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें | 4 |
| 4. | अध्याय– द्वितीय<br>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण | 5 |
| 5. | अध्याय–तृतीय<br>वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति | 6 |

## अधिशासकीय सार

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य अध्ययन का नाम | प्रयागराज मंडल के इंजीनियरिंग विभाग में वरि. मंडल अभियन्ता (सम.) / उमरे / प्रयागराज के अधीनस्थ कार्यरत स्टोर इशूअर संवर्ग के कार्य की समीक्षा |
| 2. | कर्मचारी की श्रेणी | ग्रुप डी (स्टोर इशूअर) |
| 3. | विभाग का नाम | इंजीनियरिंग विभाग |
| 4. | कार्य अध्ययन वर्ष | 2020–21 |
| 5. | प्रारम्भ की तिथि | 22.10.2020 |
| 6. | पूर्ण होने की तिथि | 02.12.2020 |
| 7. | स्वीकृत पदों की संख्या | 30 |
| 8. | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या | 03 |
| 9. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | 20 |
| 10. | वित्तीय बचत | Rs. 58,26,600/-<br>(अठ्ठावन लाख छब्बीस हजार छह सौ मात्र ) |

## . आभार

कार्याध्ययन दल श्री एस.के.गुप्ता, वरि.मंडल अभियन्ता/सम./उमरे/प्रयागराज, प्रयागराज मंडल एवं मंडल अभियन्ता/रेल पथ का गहन आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन में अपना बहुमूल्य समय एवं मार्ग दर्शन प्रदान किया है। साथ ही साथ कार्य अध्ययन दल श्री पी.के.श्रीवास्तव, एस.एस.ई./योजना/प्रयागराज का विशेष आभारी है। जिन्होने इस कार्य अध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सूचनायें उपलब्ध कराने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया है।

## संस्तुति सारांश

कार्य अध्ययन में पाया गया कि प्रयागराज मंडल के इंजीनियरिंग शाखा में स्टोर इशूअर संवर्ग में वर्तमान में जी.पी. 1800 में कुल 30 पद स्वीकृत है। जिसमें से 03 कर्मचारी कार्यरत है एवं 27 पद इंजीनियरिंग विभाग, प्रयागराज मंडल में रिक्त चल रहे है। अतः कार्य अध्ययन दल, इजीनियरिंग विभाग, प्रयागराज मंडल में स्वीकृत 30 स्टोर इशूअर संवर्ग मे से 10 स्टोर इशूअर/पीवे एवं 10 स्टोर इशूअर/कार्य को मिलाकर कुल 20 पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है। इससे कुल वार्षिक बचत रु0 Rs. 58,26,600/- (अठ्ठावन लाख छब्बीस हजार छह सौ मात्र )

## अध्याय–प्रथम

## प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

भारतीय रेलवे में आउटसोर्सिंग का समावेश होने से कई प्रकार के कार्यों को सम्पादित करने में तथा मैन पावर की कमी से निपटने में सरलता हुई है। रेलवे में कुछ कार्य वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आवश्यक नहीं रह गये है एवं उस कार्य को करने वाले कर्मचारी दूसरे कार्य में प्रयोग किये जा रहे है। इस विषय में इंजीनियरिंग विभाग में स्टोर इशूअर/कार्य/पीवे संवर्ग के कार्यो का अध्ययन करने पर संज्ञान में आया कि प्रयागराज मंडल के इंजीनियरिंग शाखा में कार्य/पीवे दोनो को मिलाकर वर्तमान में कुल 30 स्टोर इशूअर के स्वीकृत पदो में 03 स्टोर इशूअर आनरोल है एवं बाकी 27 पद रिक्त चल रहे है। इन रिक्त पदो में से 10 स्टोर इशूअर/कार्य एवं 10 स्टोर इशूअर/पीवे संवर्ग का अभ्यर्पण करना उचित रहेगा। इस प्रकार कार्य संवर्धन के साथ–साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा प्रयागराज मंडल के इंजीनियरिंग विभाग में वरि.मंडल अभियन्ता/सम./उमरे/प्रयागराज के अधीनस्थ कार्यरत स्टोर इशूअर कैटेगरी के कार्य की समीक्षा विषय को कार्य अध्ययन हेतु चुना गया। यह कार्य अध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2020–21 के लिए अनुमोदित कार्य अध्ययन सूची से उद्वृत है।

वर्णित कार्य अध्ययन वरि.मंडल अभियन्ता/सम./उमरे/प्रयागराज के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

7/6

## अध्याय–द्वितीय

### कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण

2. कर्मचारी संख्याः– वरि.मंडल अभियन्ता/सम./उमरे/प्रयागराज मंडल के अधीनस्थ कार्यरत स्टोर इशूअर कैटेगरी के स्वीकृत एवं वास्तविक पद संख्या का विवरण निम्नवत है।

**प्रयागराज मंडल/इंजीनियरिंग शाखा**

| क्र. सं0. | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टोर इशूअर/कार्य | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 18 | 02 | 16 |
| 2. | स्टोर इशूअर/पी.वे | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 12 | 01 | 11 |
| | | **कुल** | 30 | 03 | 27 |

2.1 **कार्य का विवरणः–** कार्य अध्ययन में पाया गया कि प्रयागराज मंडल में स्टोर इशूअर/कार्य संवर्ग में 18 पद स्वीकृत है, जिसमें से वर्तमान में 02 कर्मचारी ही कार्यरत है बाकी 16 रिक्त चल रहे है इसी तरह स्टोर इशूअर/पीवे संवर्ग में 12 पद स्वीकृत है जिसमें से वर्तमान में 01 कर्मचारी कार्यरत ही कार्यरत है बाकी 11 पद रिक्त चलने के साथ ही स्टोर इशूअर संवर्ग में कुल 27 पद रिक्त चल रहे है। यह संवर्ग इंजीनियरिंग शाखा, प्रयागराज के नियंत्रण में है। अतः ऐसी स्थिति में स्टोर इशूअर/कार्य के कुल स्वीकृत 18 पदो में से 10 पद एवं स्टोर इशूअर/पीवे के कुल स्वीकृत 12 पदो में से 10 पदो को मिलाकर कुल 20 पदों को अभ्यर्पित किया जा सकता है।

## अध्याय–तृतीय

**3.** इस कार्य अध्ययन में दी गयी अभ्यर्पित पदो की संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरुप रेल राजस्व में होने वाली बचत के प्रति पद का आकलन निम्नवत किया गया :–

| क्र0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | पद सं0 | औसत मासिक मूल्य प्रति पद (रु0 में) | कुल मासिक मूल्य (रु0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टोर इशूअर / कार्य | VI-CPC 5200-20200 GP-1800 (Level-I) VII-CPC | 10 | 24277.50/ | 4,85,550/– | Rs. 29,13,300/- |
| 2. | स्टोर इशूअर / पी.वे. | VI-CPC 5200-20200 GP-1800 (Level-I) VII-CPC | 10 | 24277.50/ | 4,85,550/– | Rs. 29,13,300/- |
| | | | | | **कुल** | **Rs. 58,26,600/-** |
| **(अठ्ठावन लाख छब्बीस हजार छह सौ मात्र )** | | | | | | |

### 3.1 सस्तुति :–

कार्य अध्ययन में पाया गया कि प्रयागराज मंडल में कार्य अध्ययन में पाया गया कि प्रयागराज मंडल में स्टोर इशूअर/कार्य संवर्ग में 16 रिक्त पदो में से 10 पद एवं स्टोर इशूअर /पीवे संवर्ग में 11 रिक्त पदो में 10 पद को मिलाकर कुल 20 स्टोर इशूअर के पदो को अभ्यर्पित किया जा सकता है। यह संवर्ग इंजीनियरिंग शाखा, प्रयागराज के नियंत्रण में है।

अतः कार्य अध्ययन दल, इंजीनियरिंग विभाग, प्रयागराज मंडल के स्टोर इशूअर संवर्ग के 20 पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।